# बिहार विधान परिषद

**(203 बजट सत्र)**

## 20 मार्च 2023

----

[**कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन** ].

**कुल प्रश्न 37**

----

### खाजा कुआं का जीर्णोद्धार कबतक

***186 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के नरहट प्रखण्ड अंतर्गत, ग्राम-शेखपुरा में एक प्राचीन 'खाजा कुआं' जर्जर अवस्था में है तथा अनुपयोगी हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि हसुआ विधान सभा क्षेत्र की स्थानीय विधायिका श्रीमती नीतू कुमारी ने नवादा के उप विकास आयुक्त को पत्र देकर उक्त सार्वजनिक कुआं के जीर्णोद्धार की अनुशंसा की है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 'खाजा कुआं' का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

### जलमीनार की मरम्मती

***329 श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के आदापुर पंचायत के कोरैया पूर्वी

टोला के वार्ड- 4 में वर्षों से नल का जलमीनार लगा देने के बावजूद नहीं मिल रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त जलमीनार को दुरुस्त कर शुद्ध नल का जल आदापुर पंचायत के ग्रामीणों को उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## जगह उपलब्ध कराने हेतु

*330 **श्री हरि सहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पशु एवं मत्स्य संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ लि. (COFFED) पटना को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत मोबाईल फिश किऑस्क का आवंटन जिला पदाधिकारी, पटना की अध्यक्षता में आहूत बैठक में स्वीकृति के पश्चात् किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि जिला मत्स्य पदाधिकारी, पटना द्वारा अपने ज्ञापांक 439 दिनांक 18.05.2022 के द्वारा नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना को बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ लि. (COFFED) पटना को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत मोबाईल फिश किऑस्क संचालन हेतु पटना, नगर निगम क्षेत्र में जगह आवंटन करने का अनुरोध किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त योजनान्तर्गत बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ लि. (COFFED) पटना के द्वारा पटना नगर निगम क्षेत्र में मोबाईल फिश किऑस्क के संचालन में स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बताना चाहती है कि बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ लि. (COFFED) पटना को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत आवंटित मोबाईल फिश किऑस्क संचालन हेतु पटना नगर निगम क्षेत्र में जगह उपलब्ध/आवंटन करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पथ की मरम्मती कबतक

*331 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका पकड़ी दयाल मुख्य मार्ग की सड़क की स्थिति काफी जर्जर एवं दयनीय होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती एवं कालीकरण कराकर आवागमन सुगम कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पुल का निर्माण

***332 डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिला के प्रखंड-कोचस, पंचायत-कंजर, ग्राम-घेवरा एवं ग्राम-पकड़ी के बीच धरमौती नदी (बरसाती) है;

(ख) क्या यह सही है कि ग्राम-घेवरा से ग्राम-पकड़ी के बीच नदी पर ग्रामीणों द्वारा बनाई गई बांस की चचरी की पुलिया जो कि सुरक्षा की दृष्टि से घातक है;

(ग) क्या यह सही है कि बरसात के समय भारी जल जमाव की स्थिति में यहां के ग्रामीणों एवं किसानों को चार किलोमीटर घूम कर दूसरे गांव में जाना पड़ता है जिससे किसानों को अनेकों समस्या का सामना करना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस धरमौती नदी (बरसाती) पर पुल का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भूमि का मुआवजा कबतक

***333 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला में निर्माणाधीन राज्य उच्च पथ संख्या- 103 (फतेहपुर-अकबरपुर-गोविन्दपुर) में भू-अर्जन की नोटिस दिए बिना रैयती भूमि पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि स्थानीय विधायक श्रीमती नीतू कुमार ने नवादा के जिला पदाधिकारी से इस आशय की शिकायत करते हुए इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है;

(ग) क्या यह सही है कि बड़ी संख्या में प्रभावित लोगों ने नवादा के जिला भू-अर्जन

कार्यालय में आवेदन देकर भूमि का मुआवजा देने की मांग की है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रभावित रैयतों को उनकी भूमि का मुआवजा देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण कबतक

*334 **डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला के रतनीफरीदपुर प्रखंड से गुजरने वाली बलदईया नदी से निकलने वाली ज्ञानी विगहा पई पर सरैया धरमपुर-ज्ञानी विगहा सड़क मार्ग में आरसीसी पुल का निर्माण नहीं होने से आसपास के दर्जनों गांव के वासियों को जिला मुख्यालय या नजदीकी शकुराबाद बाजार जाने में लगभग पांच-छह किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित नदी पर आरसीसी पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का चौड़ीकरण कबतक

*335 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के जगनपुरा चिपुरा खुर्द पथ, पथ निर्माण विभाग के अधीन सड़क है जिससे भारी मालवाहक वाहन एवं व्यावसायिक सवारी गाड़ी गुजर रही है जिसके कारण सड़क जर्जर हो गई है;

(ख) क्या यह सही है कि नालन्दा, मसौढ़ी, गया, जहानाबाद आदि शहरों में जाने वाला भारी मालवाहक बाहन एवं व्यावसायिक सवारी गाड़ी टॉल टैक्स का पैसा बचाने के लिए इस रास्ते से गुजरती है जिससे सरकार को प्रतिवर्ष करोड़ों का नुकसान हो रहा है और सड़क भी जर्जर हो रही है;

(ग) क्या यह सही है कि खंड 'ख' में वर्णित सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण भयंकर जाम की भी समस्या रहती है, जिससे विद्यालय जाने वाली छात्र-छात्राओं को प्रायः देर हो जाती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार टैक्स चोरी करने

वाले भारी मालवाहक एवं व्यावसायिक सवारी गाड़ी पर रोक लगाना चाहती है और जर्जर हो चुके सड़क का चौड़ीकरण करते हुए कालीकरण कबतक कराना चाहती है?

----

## दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई कबतक

*336 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला अंतर्गत मेसकौर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जांचोपरांत प्रतिवेदित किया है कि बिजु बिगहा ग्राम पंचायत में वित्तीय नियमावली एवं सरकारी दिशा-निर्देश की अवहेलना करते हुए कार्य कराए बिना सरकारी राशि का गबन किया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दोषी लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दायर करने तथा धारा 18(3) के अंतर्गत उन्हें पदच्युत करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पथ का निर्माण कबतक

*337 **श्री संतोष कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, रोहतास एवं कैमूर):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड मोहनिया एन.एच- 2 के कैथी गांव टोला पट्टी का संपर्क पथ बिल्कुल ही टूटा-फूटा है, जिससे ग्रामीणों और किसानों को आने-जाने में काफी कठिनाइ होती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त कैथी गांव टोला पट्टी संपर्क पथ बनाने हेतु कौन सी कार्रवाई करना चाहती है?

----

## पुल का निर्माण कबतक

*338 **श्रीमती रेखा कुमारी (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिले के बेलसंड विधानसभा अंतर्गत बेलसंड-छतौनी पथ पर बेलसंड ब्लॉक के मधकौल मार पुल जो विगत 7-8 वर्षों से पूरी तरह क्षतिग्रस्त है;

(ख) क्या यह सही है कि यह पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण लगभग यहां के लाखों की संख्या में स्थानीय जनता प्रभावित हो रही है, लोगों का आवागमन बिल्कुल ही बंद पड़ा है, यह पुल सीतामढ़ी व शिवहर को जोड़ता है, इस पुल की लम्बाई लगभग 300 से 350 मीटर है, इस पुल के बन जाने से आम जनता को काफी सुविधा होगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लोकहित में क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## जल जमाव से मुक्ति

*339 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत एन. एच.- 80 पर मोकामा प्रखंड के ग्राम महेन्द्रपुर में सड़क पर पानी जमा रहता है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्थल पर जल जमाव के कारणों की जांच करायी गयी है तथा क्या कोई उपाय किया गया;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल से जल जमाव को स्थाई रूप से दूर करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## स्थानांतरण कबतक

*340 **श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के जिला परिषद् कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के स्थानांतरण का कोई प्रावधान नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि जिला परिषद् कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी स्थानांतरण नहीं होने से अपनी मनमानी करने लगते हैं, जिस कारण निर्वाचित जिला प्रतिनिधि और आम लोगों को काफी परेशानी होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिला परिषद् कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों का प्रत्येक 3 वर्ष पर स्थानांतरण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## ग्रामीण पथ का निर्माण कबतक

*341 **डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिले की पंचायत जैतपुर, थाना दाउदपुर के ग्राम-माफी टोला से ग्राम-माने तक संपर्क पथ के निर्माण की स्वीकृति दो वर्ष पूर्व विभाग ने दी थी;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त ग्रामीण पथ पर सिर्फ मिट्टी भराई का आंशिक कार्य कुछ दूर तक हुआ है;

(ग) क्या यह सही है कि कार्य प्रारंभ करने के कुछ दिन बाद संवेदक ने काम बंद कर दिया है जिससे बरसात में अनेक गांवों का संपर्क मुख्य पथ (छपरा-सीवान) से टूट जायेगा;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में उक्त ग्रामीण पथ को कबतक पूरा कराएगी?

----

## तालाब का सौंदर्यीकरण कबतक

*342 **श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत दिनारा प्रखंड के सैसड़ उच्च विद्यालय एवं कीड़ा मैदान के सामने अवस्थित तालाब के सौन्दर्यीकरण, घाट निर्माण के साथ ही कोरिडोर निर्माण होना जनहित में और छात्रहित में आवश्यक है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में खंड 'क' में वर्णित स्थलों को निर्माण यथाशीघ्र करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मजदूरी का भुगतान कबतक

*343 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मनरेगा के अन्तर्गत भौतिक कार्य कराने की कोई वित्तीय अधिसीमा निर्धारित नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के घोघरडीहा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज बसुआरी के वार्ड नं.- 3 में मनरेगा से मिट्टीकरण एवं खरंजाकरण के द्वारा निर्मित सड़क में लगे श्रमिकों का वित्तीय आवंटन के अभाव में मजदूरी का भुगतान नहीं हो सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'ख' में वर्णित श्रमिकों की मजदूरी का अब भी भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण कबतक

***344 श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखंड अन्तर्गत राजा पंचायत के इमली टोला, पोखर टोला से बोमा पाड़ा होते हुए मनिहारी प्रखण्ड के सोहराडांगी गांव तक जानेवाली सड़क के बीच एक आर.सी.सी. पुल का निर्माण कराया जाना आवश्यक है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जाने वाली सड़क के बीच में आर.सी.सी. पुल का निर्माण नहीं होने से आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के बीच में आर.सी.सी. पुल निर्माण कराये जाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## रोड का चौड़ीकरण

***345 श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नोखा राजपुर पथ पर स्थित ग्राम श्रीखंडा लख के पास नहर के ऊपर बने लोहे की पुलिया अत्यंत दयनीय और जर्जर

स्थिति में है;

(ख) क्या यह सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नोखा राजपुर पथ पर स्थित ग्राम श्रीखंडा लख के पास नहर की दोनों तरफ वन-वे रोड होने के कारण हमेशा जाम और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नोखा राजपुर पथ पर स्थित नहर पर बनी लोहे की पुलिया को हटाकर नई पुलिया का निर्माण और नहर की दोनों तरफ बने वन-वे रोड का चौड़ीकरण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अतिक्रमण से मुक्ति कबतक

*346 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत एकमा प्रखंड के ग्राम कोहरगढ़, पो. भरहोपुर, थाना एकमा में सर्वे नं.- 2671 खाता नं.- 1010 में विगत 40 वर्षों से निर्मित सरकारी सड़क को वहां के कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा अतिक्रमित कर आवागमन बाधित कर दिया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सरकारी सड़क को अतिक्रमण से मुक्त करते हुए आवागमन सुलभ कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सड़क का निर्माण

*347 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बक्सर जिला अंतर्गत बक्सर-रोहतास सीमा क्षेत्र गड़हिया नहर की पूर्वी तरफ ओराप खुर्द तक पक्की सड़क का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क का निर्माण नहीं होने से स्थानीय ग्रामीण आम

जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सह संपर्क पथ का निर्माण

*348 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड अंतर्गत घाट भटरा गांव में एक हजार की आबादी है;

(ख) क्या यह सही है कि 1000 आबादी होने के बाद भी अबतक किसी भी योजना से उक्त स्थल पर सड़क नहीं बन सकी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांव में सड़क सह संपर्क पथ बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## खुले में शौच से मुक्त

*349 **श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान-द्वितीय चरण अंतर्गत "खुले में शौच से मुक्ति" तथा सामुदायिक व्यवहार परिवर्तन और राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का चरणबद्ध कार्यक्रम तैयार किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्ष 2020 में आरंभ हुए इस कार्यक्रम अंतर्गत भूमिहीन परिवारों, दलित/महादलित परिवारों तथा प्रवासी मजदूरों एवं चलंत आबादी को शौचालय की सुलभता हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण कराया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाएगी कि गोपालगंज जिलान्तर्गत 14 प्रखंडों में कितने पंचायत ODF PLUS घोषित हुए हैं तथा इस अभियान अंतर्गत विभिन्न मदों में जिले में कितनी राशि अबतक प्राप्त हुई तथा उसकी

क्या उपलब्धि है?

----

## भुगतान करने पर विचार

*350 **डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि उप विकास आयुक्त, मधुबनी ने अपने पत्रांक- 2716/ जि0ग्रा0वि0अ0, दिनांक- 26.11.2022 के द्वारा लखनौर प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम दीप के 5 लाभार्थियों के नाम प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण आवास प्लस की प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित रहने तथा ग्राम सभा से उनके लिए प्रस्ताव पारित होने के बावजूद तीनों लाभुकों के आवास के निर्माण पूर्ण हो जाने के पश्चात् बकाये राशि का भुगतान करने के संबंध में विभाग से मार्गदर्शन देने हेतु अनुरोध किया है;

(ख) क्या यह सही है कि आवास सहायक एवं पर्यवेक्षक ने स्थलीय एवं आवश्यक जांच कर हर दृष्टिकोण से अहर्ताधारी इन तीनों लाभुकों के नाम आवास की स्वीकृति हेतु अनुशंसा की थी;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन तीनों लाभुकों की बकाया राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्रखंड मुख्यालय बनवाने पर विचार

*351 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड मुख्यालय, बनियापुर में प्रखंड विकास पदाधिकारी का आवास नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि आवास के अभाव में प्रखंड विकास पदाधिकारी, बनियापुर जिला मुख्यालय, छपरा में निवास करते हैं जिसके कारण विकास कार्यों की गति धीमी रहती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखंड विकास पदाधिकारी, बनियापुर का आवास प्रखंड मुख्यालय, बनियापुर में बनवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## फ्लाईओवर अथवा एलिवेटेड सड़क या बाईपास का निर्माण

*352 **श्री ललन कुमार सर्राफ (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधेपुरा जिला में देवाधिदेव महादेव की नगरी सिंहेश्वर धाम में बाबा सिंहेश्वर नाथ का प्रसिद्ध मंदिर सिंहेश्वर बाजार से होकर गुजरने वाली एन.एच.- 106 के पास है, जहां महीनों तक मेला लगता है और यहां सघन बाजार और घनी आबादी के कारण प्रतिदिन श्रद्धालु एवं आम जनता सड़क जाम के कारण बुरी तरह जूझती है;

(ख) क्या यह सही है कि सिंहेश्वर स्थान बाजार में निर्बाध एवं सुगम परिवहन व्यवस्था हेतु फ्लाईओवर का निर्माण लोकहित में अति आवश्यक है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाने की कृपा करेंगी कि सिंहेश्वर स्थान में फ्लाईओवर का निर्माण अथवा एलिवेटेड सड़क या फिर बाईपास का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## नव व्यवसायिक परिसर का निर्माण

*353 **श्री अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सहरसा जिले में जिला परिषद् द्वारा नव व्यवसायिक परिसर का निर्माण पूर्ण है;

(ख) क्या यह सही है कि नव व्यवसायिक परिसर के निर्माण के पूर्ण होने के बावजूद परिसर में बाजार बस नहीं पाया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सहरसा जिला परिषद् नव व्यवसायिक परिसर को शीघ्र क्रियाशील करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## नदी पर पुल का निर्माण

***354** **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम आदमपुर से पांचुबिगहा एवं अन्य दर्जनों गांव के ग्रामीणों को जाने के क्रम में तिलैया नदी पार करना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि बरसात के दिनों में ग्रामीणों को नदी में पुल नहीं रहने के कारण गांव जाने में काफी कठिनाई होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

***355** **श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि खगडि़या जिलान्तर्गत अलौली प्रखंड की मेघौना पंचायत में ज्वालापुर ढाला से सनोखर ढाला तक की सड़क अव्यवस्थित है, जिसकी सड़क लगभग 2 किलोमीटर लंबी है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क पिछले पांच वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, सड़क निर्माण हेतु पिछले पांच वर्षों से मेघौना पंचायत के प्रबुद्ध लोगों द्वारा विभाग को पत्राचार किया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त सड़क सामाजिक एवं व्यापारिक दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण हैं, साथ ही जर्जर पथ पर कई जानलेवा दुर्घटनाएं हो चुकी हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मेघौना पंचायत में ज्वालापुर ढाला से सनोखर ढाला तक की सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नियुक्त करने पर विचार

***356** **श्री भूषण कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड पंचायती राज

पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति नहीं हुई है, जिस प्रखंड में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति नहीं हुई है वहां किसी अन्य पदाधिकारी को प्रभार दिया गया है जिससे कार्य में काफी कठिनाई होती है;

(ख) क्या यह सही है कि वैशाली जिले सहित अन्य जिलों के भी प्रखंडों में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के पद रिक्त हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रिक्त प्रखंडों में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को नियुक्त करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क एवं पुलिया का निर्माण

*357 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिला के बेनीपुर ग्रामीण कार्य प्रमंडल अन्तर्गत ठेगहा पंचायत के भोरियाराही गांव कमला नदी के किनारे स्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त गांव में पक्की सड़क एवं पुलिया नहीं रहने के कारण यह गांव विकास से वंचित है, सड़क एवं पुलिया के अभाव में यहां के बच्चे उच्चतर शिक्षा से वंचित हो रहे हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांव में सड़क एवं पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पथ का चौड़ीकरण

*358 **डा. दिलीप कुमार जायसवाल (पूर्णिया, अररिया स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत ठाकुरगंज से मुरली गाछ बंगाल बार्डर तक की लगभग 32 किमी. की सड़क (एकल पथ) होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई एवं दुर्घटना होने की स्थिति बनी रहती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## भुगतान की समय सीमा

*359 **श्री तरुण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि विगत 09/06/2021 को जारी अधिसूचना के अनुसार ग्राम पंचायत परामर्शी समिति, पंचायत समिति परामर्शी समिति, जिला परिषद् परामर्श समिति, ग्राम कचहरी परामर्शी समिति का गठन समस्तीपुर की सभी पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर किया गया था एवं उक्त अधिसूचना के तहत उपर्युक्त परामर्श समिति के सदस्यों को मानदेय दिया जाना था;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त समिति के सदस्यों को उनके कार्यकाल के मानदेय का भुगतान किया जाना था;

(ग) क्या यह सही है कि समिति के कार्यकाल की अवधि के मानदेय भुगतान हेतु राशि का आवंटन समस्तीपुर जिले को प्राप्त है;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त समिति सदस्यों का उक्त अवधि हेतु भुगतान नहीं किया गया है;

(ड़) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आवंटन रहने के बावजूद विभाग द्वारा भुगतान नहीं किए जाने के लिए विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करना चाहती है और क्या पूर्ण भुगतान हो जाने की कोई समय सीमा निर्धारित कर सकती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुनर्स्थापित करने पर विचार

*360 **श्री अनिल कुमार (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड के प्रमुख को पद से हटाया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त प्रमुख जिस पंचायत समिति के सदस्य थे उस पंचायत समिति में अभी भी 2 वार्ड वर्तमान हैं एवं उनकी पंचायत समिति सदस्यता भी बरकरार है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार असंवैधानिक रूप से हटाए गए प्रमुख को पुनर्स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन का निर्माण

*361 **श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के लखनौर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत मैवी में खेसरा सं.- 1304, 1302 की जमीन अलग-अलग भूखंड में है जिसपर सरकार द्वारा पंचायत सरकार भवन बनाने का निर्णय लिया गया है एवं उक्त जमीन का श्मशान घाट के रूप में उपयोग किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त खेसरा संख्या की जमीन अलग-अलग भूखंड में होने से पंचायत सरकार भवन बनाना प्रासंगिक नहीं है;

(ग) क्या यह सही है कि इसी पंचायत अन्तर्गत खाता संख्या- 70, खेसरा संख्या- 590, सरकारी जमीन एक ही भूखंड में लगभग 70 डिसमिल है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 1304, 1302 खेसरा संख्या जमीन में न करते हुए खाता संख्या- 70, खेसरा संख्या- 590 के भूखंड में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पुल का निर्माण

***362 श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला अन्तर्गत लौरिया प्रखंड की ग्राम पंचायत राज्य बंसतपुर के बंसतपुर पथ जो त्रिमुहान पुल होते हुए, सिकटा को जोड़ती है, का निर्माण वर्षों से लंबित है;

(ख) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत लौरिया प्रखंड की ग्राम पंचायत राज्य बंसतपुर के बंसतपुर पथ में आजादी के बाद से वहां की जनता बाढ़ के दिनों में त्रिमुहान पुल न होने के कारण यातायात साधन से वंचित हो जाती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पश्चिमी चम्पारण जिला अंतर्गत लौरिया प्रखंड की ग्राम पंचायत राज्य पुल बंसतपुर के बंसतपुर पथ तक त्रिमुहान पुल निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पुल का निर्माण

***363 श्री रविन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अन्तर्गत खुसरूपुर प्रखंड के खुसरूपुर, नुसद्दीनपुर, हैबतपुर होते हुए भोजपुर पाकड़ महतो टोला एवं नगरनौसा (नालन्दा) जाने हेतु सड़क ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बनाई गई है, परंतु हैबतपुर-भोजपुर पाकड़ महतो

टोला के बीच नोनई नदी में पुल नहीं रहने के कारण सड़क मिसलिंक है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नदी पर पुल बन जाने से उस क्षेत्र के 15-20 ग्रामों के लोगों को बरसात के दिनों में खुसरूपुर (पटना) एवं नगरनौसा (नालन्दा) हेतु आवागमन सुगम होगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल निर्माण करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अतिक्रमण से मुक्ति

*364 **श्री विजय कुमार सिंह (भागलपुर,बॉका स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि श्री कैलाश सिंह, पिता-स्व. यमुना प्रसाद सिंह, साकिन डाढ़ा, जिला मुंगेर के द्वारा सड़क पर अपने घर के पास शेड का निर्माण कर दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकारी सड़क पर निर्माण कर दिए जाने के कारण तमाम ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अतिक्रमण किए गए निर्माण को कबतक हटाएगी?

----